भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 6208
बुधवार, 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जिला कृषि-मौसम विज्ञान (एग्रो-मेट) इकाइयां

†**6208. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**
डॉ. बायरेड्डी शबरी:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान में कई जिला कृषि-मौसम विज्ञान इकाइयां कार्य नहीं कर रही हैं या बंद कर दी गई हैं और यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) विशेषरूप से आन्ध्र प्रदेश सहित वर्तमान में सक्रिय इकाइयों की राज्य-वार और जिला-वार संख्या कितनी है और ऐसी इकाइयों द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले किसानों/लाभार्थियों की अनुमानित संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का ऐसी जिला कृषि-मौसम विज्ञान इकाइयों का पुनरूद्धार अथवा पुन: स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो इसकी समय-सीमा क्या है और विशेषरूप से आन्ध्र प्रदेश में प्रस्तावित इकाइयों की संख्या कितनी है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसी इकाइयों की स्थापना अथवा पुन: स्थापना के लिए आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधियों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या प्राथमिकता के आधार पर पुनरूद्धार के लिए विशिष्ट जिलों की पहचान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विशेषरूप से आन्ध्र प्रदेश में लक्षित तिथि और कार्यान्वयन योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)-(ग) ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीकेएमएस) के तहत देश में मौसम आधारित कृषि-परामर्शी सेवाएं 199 जिला कृषि-मौसम इकाइयों (डीएएमयू) द्वारा प्रदान की जा रही थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) आंध्र प्रदेश में 9 इकाइयों सहित देश भर में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के सहयोग से स्थापित 130 कृषि मौसम विज्ञान क्षेत्र इकाइयों (एएमएफयू) के नेटवर्क के माध्यम से जिला स्तर पर किसानों को कृषि-मौसम संबंधी सेवाएं जारी रखे हुए है। देश भर के किसानों के व्यापक हित में पंचायत मौसम सेवा, मौसम ऐप, मेघदूत ऐप और अन्य आईटी-आधारित प्रसार प्रणालियों जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रासंगिक जानकारी और परामर्श प्रसारित किए जाते हैं। मंत्रालय, मौसम पूर्वानुमान में बेहतर सटीकता और मौसम संबंधी बेहतर सेवाओं को प्राप्त करने के लिए कृषि-स्वचालित मौसम स्टेशनों और अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना सहित प्रेक्षण नेटवर्क को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

(घ) पिछले पांच वर्षों में जारी की गई धनराशि का वर्षवार विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ङ) आईएमडी द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य में कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से स्थापित 9 कृषि मौसम विज्ञान क्षेत्र इकाइयों के माध्यम से डीएएमयू की पुनर्स्थापना के बिना कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) जैसी एजेंसियों के सहयोग जिला स्तर पर कृषि-मौसम विज्ञान सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अनुलग्नक 1

पिछले पांच वर्षों में जारी की गई निधि का वर्ष- वार विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	एटीएआरआई का नाम	शामिल राज्यों के नाम	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	बेंगलुरु	कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप	9254599	32722894	20416360	6000000	6460154
2	जबलपुर	छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश	9862072	25068960	29348345	13500000	11067598
3	कोलकाता	अंडमान, निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और पश्चिम बंगाल	8506019	20417149	19140225	19200000	10020378
4	पुणे	महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा	12987052	50223889	26796315	23000000	20083002
5	पटना	बिहार और झारखंड	12461220	19594891	24244285	13500000	9175245
6	कानपुर	उत्तर प्रदेश	9363194	27136360	16588195	13800000	10266268
7	जोधपुर	हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान	11068022	18016354	30624360	17600000	12569897
8	लुधियाना	हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और, उत्तराखंड	6355604	9525564	17864210	4090880	4346122
9	बारापानी	मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा	6236116	18277855	8932105	6000000	6541636
10	गुवाहाटी	असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम	11103136	53559073	15312180	6000000	4475429
11	हैदराबाद	आंध्र प्रदेश, पुदुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना	12802966	35457011	35728420	0	0
		कुल	11000000	310000000	244995000	122690880	95005729

*****